शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार **(GNCT of Delhi)**
अभ्यास प्रश्न पत्र
वार्षिक परीक्षा **(2025-26)**
कक्षा **– XI**
लेखाशास्त्र **(Accountancy)** (कोड: **055)**

समय: 3 घंटे | अधिकतम अंक: 80

## सामान्य निर्देश:

1. प्रश्न पत्र में कुल **31** प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न संख्या **1** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
4. प्रश्न संख्या **21** से **26** तक संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न **– I** हैं और प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है।
5. प्रश्न संख्या **27** से **29** तक संक्षिप्त उत्तरीय प्रश्न **– II** हैं और प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है।
6. प्रश्न संख्या **30** से **34** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है।
7. कुल मिलाकर कोई विकल्प नहीं है, तथापि, **2** एक अंक वाले प्रश्नों, **2** तीन अंक वाले प्रश्नों, **2** चार अंक वाले प्रश्नों तथा **2** छह अंक वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प **(internal choice)** दिया गया है।

| Q.No. | Questions | Marks |
|---|---|---|
| 1 | जर्नल की लेजर फोलियो कॉलम का उपयोग किया जाता है:<br><br>(a) उस तारीख को दर्ज करने के लिए जिस दिन राशि लेजर खाते में प्रविष्ट की जाती है।<br>(b) उस लेजर खाते की संख्या दर्ज करने के लिए जिसमें जानकारी प्रविष्ट की जाती है।<br>(c) उन राशियों की संख्या दर्ज करने के लिए जो लेजर खाते में पोस्ट की जाती हैं।<br>(d) लेजर खाते के पृष्ठ संख्या को दर्ज करने के लिए। | 1 |
| 2. | पहचानी गई और मापी गई आर्थिक घटनाओं को ........... क्रम में दर्ज किया जाना चाहिए।<br>(a) कालानुक्रमिक (b) समयानुसार (c) विश्वसनीय (d) प्रबंधनीय | 1 |
| 3A<br><br><br><br><br>3B | "अकृत ब्याज" किस प्रकार का खाता है?<br>(a) वास्तविक खाता (b) व्यक्तिगत खाता<br>(c) प्रतिनिधि व्यक्तिगत खाता (d) नाममात्र खाता<br><br>अथवा<br><br>"बैंक खाता" किस प्रकार का खाता है?<br>(a) वास्तविक खाता (b) कृत्रिम व्यक्तिगत खाता<br>(c) प्रतिनिधि व्यक्तिगत खाता (d) नाममात्र खाता | 1 |
| 4A<br><br><br><br><br>4B | निम्नलिखित में से कौन-सा लेन–देन पूंजी और परिसंपत्तियों को प्रभावित नहीं करेगा?<br>(a) वेतन का भुगतान (b) कमीशन प्राप्त<br>(c) बैंक में नकद जमा (d) अतिरिक्त पूंजी का निवेश<br><br>अथवा<br><br>निम्नलिखित में से कौन-सा लेन–देन केवल पूंजी को प्रभावित करेगा?<br>(a) अतिरिक्त पूंजी का निवेश (b) आहरण (c) ब्याज प्राप्त (d) आहरण पर ब्याज | 1 |

<table>
<tr><td>5</td><td>रमन तिलक नगर में एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चला रहा है। वह थोक बाजार से त्यौहार की सजावटी लाइटें खरीदना चाहता है। इस उद्देश्य के लिए वह बैंक से नकद निकालना चाहता है। बैंक से नकद निकालने के लिए रमन किस स्रोत दस्तावेज़ का उपयोग करेगा?<br>(a) जमा पर्ची (b) चालान<br>(c) नकद ज्ञापन (d) निकासी पर्ची</td><td>1</td></tr>
<tr><td>6</td><td>निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु व्यापार खाते में दर्ज नहीं की जाती है?<br>(a) व्यापार व्यय (b) मजदूरी और वेतन (c) ढुलाई (d) भाड़ा</td><td>1</td></tr>
<tr><td>7</td><td>यदि तलपट मिल जाता है, तो इसका अर्थ है कि:<br>(a) पुस्तकों में कोई त्रुटि नहीं है।<br>(b) पुस्तकों में द्विपक्षीय त्रुटियाँ हो सकती हैं।<br>(c) पुस्तकों में एकपक्षीय त्रुटि हो सकती है।<br>(d) पुस्तकों में दोनों — द्विपक्षीय और एकपक्षीय त्रुटियाँ — हो सकती हैं।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>8</td><td><table>
<tr><th>क्रम संख्या</th><th>कॉलम-I</th><th>क्रम संख्या</th><th>कॉलम-II</th></tr>
<tr><td>A</td><td>सकल लाभ</td><td>1</td><td>सकल लाभ + अन्य आय - अप्रत्यक्ष खर्च</td></tr>
<tr><td>B</td><td>संचालन लाभ</td><td>2</td><td>बिक्री - सकल लाभ</td></tr>
<tr><td>C</td><td>शुद्ध लाभ</td><td>3</td><td>बिक्री - (खरीद + प्रत्यक्ष खर्च)</td></tr>
<tr><td>D</td><td>बेचे गए माल की लागत</td><td>4</td><td>शुद्ध लाभ + गैर-संचालन खर्च - गैर-संचालन आय</td></tr>
</table>
(a) A-3; B-1; C-; D-2 (b) A-1; B-2; C-3; D-4<br>(c) A-3; B-2; C-1; D-4 (d) A-3; B-4; C-1; D-2</td><td>1</td></tr>
<tr><td>9</td><td>निम्नलिखित कथनों को पढ़िए – कथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :-<br><br>कथन (A): उचंति खाता एक अस्थायी खाता है जिसका उपयोग तब किया जाता है जब तलपट में त्रुटियों के कारण अंतर उत्पन्न होता है और वे त्रुटियाँ अभी तक खोजी नहीं गई होती हैं।<br><br>कारण (R): जब तलपट नहीं मिलता है, तब कुछ त्रुटियाँ अनसुलझी रहने पर भी समय पर वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए उचंति खाते का उपयोग किया जाता है।<br><br>(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(c) कथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।</td><td>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | (d) कथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। | |
| 10A | एक मशीनरी ₹5,80,000 में 1 जुलाई, 2024 को खरीदी गई। ₹2,000 उसकी डिलीवरी पर और ₹4,000 उसकी स्थापना (installation) पर खर्च किए गए। इसकी अवशिष्ट (स्क्रैप) मूल्य ₹1,60,000 है और उपयोग की अवधि 15 वर्ष है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए मूल्यह्रास की राशि क्या होगी?<br>(a) ₹64,000 (b) ₹48,000 (c) ₹24,000 (d) ₹40,000<br>अथवा | |
| 10B | एक पुरानी मशीन ₹59,000 में 1 अप्रैल, 2024 को खरीदी गई। ₹7,000 उसकी मरम्मत और स्थापना पर खर्च किए गए। इसकी अवशिष्ट (स्क्रैप) मूल्य ₹16,500 है और उपयोग की अवधि 10 वर्ष है। वार्षिक रूप से वसूल किए जाने वाले मूल्यह्रास की दर ज्ञात कीजिए।<br>(a) 7.5% प्रतिवर्ष (b) 10% प्रतिवर्ष (c) 12.5% प्रतिवर्ष (d) 15% प्रतिवर्ष | 1 |
| 11 | 1 सितंबर, 2024 को ₹80,000 मूल्य के माल की खरीद दीपा से सूची मूल्य (List Price) पर 10% व्यापार छूट के साथ की गई। आधी राशि तुरंत चुका दी गई। यदि भुगतान 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले किया जाता है तो दीपा द्वारा 10% नकद छूट दी जाएगी। भुगतान 4 नवंबर, 2024 को किया गया।<br>अंतिम भुगतान के लिए जर्नल प्रविष्टि क्या होगी? | 1 |

| तिथि | विवरण | एल. एफ. | डेबिट (₹) | क्रेडिट (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (a) 04-11-2024 | दीपा डॉ. | | 32,400 | |
| | बैंक खाता | | | 32,400 |
| (b) 04-11-2024 | खरीद खाता डॉ. | | 36,000 | |
| | बैंक खाता | | | 36,000 |
| (c) 04-11-2024 | दीपा डॉ. | | 36,000 | |
| | बैंक खाता | | | 36,000 |
| (d) 04-112024- | दीपा डॉ. | | 68,400 | |

<table>
<tr><td></td><td><table><tr><td></td><td>बैंक खाता</td><td></td><td></td><td>68,400</td></tr></table></td><td></td></tr>
<tr><td>12A<br><br><br><br><br><br><br><br>12B</td><td>बिक्री पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 4 का योग ₹1,200 के स्थान पर ₹1,000 पृष्ठ संख्या 5 पर आगे ले जाया गया, और पृष्ठ संख्या 8 का योग ₹5,000 के स्थान पर ₹5,600 पृष्ठ संख्या 9 पर आगे ले जाया गया।<br>बिक्री खाते को कितनी राशि से डेबिट किया जाएगा?<br><br>(a) ₹400 (b) ₹800 (c) ₹200 (d) ₹600<br><br>अथवा<br><br>₹5,000 मूल्य का फर्नीचर खरीदा गया, लेकिन उसे क्रय खाते में ₹500 से पोस्ट किया गया। क्रय खाते को क्या किया जाएगा?<br><br>(a) ₹4,500 से डेबिट किया जाएगा (b) ₹4,500 से क्रेडिट किया जाएगा<br><br>(c) ₹500 से डेबिट किया जाएगा (d) ₹500 से क्रेडिट किया जाएगा</td><td>1</td></tr>
<tr><td>13</td><td>कथन I: बैंक मिलान विवरण बैंक द्वारा तैयार किया जाता है।<br>कथन II: बैंक मिलान विवरण में, नकद पुस्तक के बैंक स्तंभ और पासबुक के शेष की तुलना और मिलान किया जाता है।<br><br>निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए –<br>(a) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।<br>(b) कथन II सत्य है और कथन I असत्य है।<br>(c) दोनों कथन सत्य हैं।<br>(d) दोनों कथन असत्य हैं।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>14</td><td>मापन की समान इकाई और रिपोर्टिंग के समान प्रारूप का उपयोग बढ़ावा देता है –<br>(a) तुलनात्मकता (b) समझने में सरलता<br>(c) प्रासंगिकता (d) विश्वसनीयता</td><td>1</td></tr>
<tr><td>15</td><td>जर्नल की लेजर फोलियो स्तंभ का उपयोग किया जाता है:-<br>(a) उस तिथि को दर्ज करने के लिए जिस दिन राशि लेजर खाते में पोस्ट की जाती है।<br>(b) उन लेजर खातों की संख्या दर्ज करने के लिए जिनमें जानकारी पोस्ट की जाती है।<br>(c) उन राशियों की संख्या दर्ज करने के लिए जो लेजर खाते में पोस्ट की जाती हैं।<br>(d) लेजर खाते के पृष्ठ संख्या को दर्ज करने के लिए।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>16</td><td>निम्नलिखित में से कौन–सा कथन क्रय पुस्तिका के बारे में सत्य नहीं है?<br><br>(a) व्यापारिक छूट क्रय पुस्तिका में दर्ज की जाती है।<br>(b) नकद छूट क्रय पुस्तिका में दर्ज की जाती है।<br>(c) यह केवल उन वस्तुओं की उधारी खरीद को दर्ज करती है जिनका व्यापार व्यवसाय करता है।<br>(d) क्रय पुस्तिका बहु-स्तंभ हो सकती है।</td><td>1</td></tr>
</table>

17A रमन (स्वामी) ने अपनी निजी पुरानी कार ₹50,000 में बेची और यह राशि अपने व्यवसाय में ले आए। इस लेन–देन के लिए जर्नल प्रविष्टि करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) कार खाता ₹50,000 से डेबिट किया जाएगा।
(b) आहरण खाता ₹50,000 से डेबिट किया जाएगा।
(c) नकद खाता ₹50,000 से डेबिट किया जाएगा।
(d) क्रय खाता ₹50,000 से डेबिट किया जाएगा।

अथवा

17B रमन (स्वामी) अपनी निजी पुरानी कार को व्यवसाय में ले आया। इसकी जर्नल प्रविष्टि कैसे की जाएगी?

| | **विवरण** | |
|---|---|---|
| (a) | कार खाता<br>डॉ. | |
| | से पूंजी खाता | |
| (b) | नकद खाता<br>डॉ. | |
| | से पूंजी खाता | |
| (c) | कार खाता डॉ. | |
| | से नकद खाता | |
| (d) | पूंजी खाता<br>डॉ. | |
| | से आहरण खाता | |

1

18 निम्नलिखित कथनों को “आरक्षित निधि” के बारे में पढ़िए :-

1. आरक्षित निधि, लाभ में से एक उपविनियोग होती है।
2. आरक्षित निधि, कर योग्य लाभ को कम करती है।
3. आरक्षित निधि व्यवसाय की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए बनाई जाती है।
4. आरक्षित निधि का उपयोग लाभांश बाँटने के लिए नहीं किया जा सकता।
5. आरक्षित निधि लाभ में से भविष्य की अज्ञात परिस्थितियों से निपटने के लिए अलग रखी जाती है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :-

1

| | | |
|---|---|---|
| | (a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 5 (c) 2, 4 और 5 (d) 3, 4 और 5 | |
| 19 | निम्नलिखित कथनों को पढ़िए – कथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :-<br><br>कथन **(A):** जब अंतिम रहतिया तलपट में दिखाई देता है, तब उसे केवल बैलेंस शीट में लिया जाता है, व्यापार खाते में नहीं।<br><br>कारण **(R):** अंतिम रहतिया से संबंधित समायोजन प्रविष्टि पहले ही पुस्तकों में की जा चुकी होती है और उसका प्रभाव लाभ पर पहले ही पड़ चुका होता है।<br><br>(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(c) कथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(d) कथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 20A<br><br><br><br><br><br><br><br><br>20B | निम्नलिखित में से कौन-सा लेन–देन पासबुक में नकद पुस्तक के बैंक स्तंभ की तुलना में कम शेष दिखाएगा?<br><br>(a) संग्रह के लिए बैंक में भेजे गए चेक, जो अभी तक बैंक द्वारा एकत्र नहीं किए गए हैं।<br>(b) ग्राहक द्वारा हमारे बैंक खाते में सीधी जमा राशि।<br>(c) जारी किए गए चेक, जो अभी तक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।<br>(d) बैंक द्वारा जमा किया गया ब्याज, जो नकद पुस्तक में दर्ज नहीं किया गया है।<br><br>अथवा<br><br>निम्नलिखित में से कौन-सा लेन–देन पासबुक में नकद पुस्तक के बैंक स्तंभ की तुलना में अधिक शेष दिखाएगा?<br><br>(a) संग्रह के लिए बैंक में भेजे गए चेक, जो अभी तक बैंक द्वारा एकत्र नहीं किए गए हैं।<br>(b) ग्राहक द्वारा हमारे बैंक खाते में सीधी जमा राशि।<br>(c) बैंक द्वारा डेबिट किए गए बैंक शुल्क, जिसकी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।<br>(d) बैंक द्वारा दर्ज किया गया ओवरड्राफ्ट पर ब्याज, जिसकी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। | 1 |
| 21 | निम्नलिखित लेन–देनों से लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए:<br><br>(a) राजेश ने व्यवसाय प्रारम्भ किया —नकद ₹ 2,00,000; स्कंध ₹ 50,000 और मशीनरी ₹ 70,000 के साथ।<br>(b) ₹ 50,000 के माल खरीदे, जिसका आधा भुगतान तुरंत किया गया।<br>(c) ₹ 30,000 नकद बैंक में जमा किया। | 3 |

<table>
<tr><td>22</td><td>नीचे दी गई विवरणिका (narration) के अनुसार रितिका की पुस्तकों में संबंधित जर्नल प्रविष्टियाँ  कीजिये।
<table>
<tr><th>दिनांक</th><th>विवरण</th><th>L F</th><th>डेबिट (₹)</th><th>क्रेडिट (₹)</th></tr>
<tr><td>10/07/2024</td><td>-----------------खाता Dr.<br>को …………………… खाता<br><br>(रजत से 10% व्यापारिक छूट पर ₹ 50,000 लागत का माल खरीदा गया)</td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>18/07/2024</td><td>-------------- खाता (A/c) Dr.<br>को ------------------- खाता<br><br>(रजत को ₹ 5,000 लागत का माल लौटाया गया)</td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>30/07/2024</td><td>…………………….. खाता Dr.<br>को …………..खाता<br>को …………. खाता<br><br>(रजत के खाते के पूर्ण निपटान मे ₹ 40,000 का भुगतान चेक द्वारा किया गया)</td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>
</td><td>3</td></tr>
<tr><td>23A<br><br>23B</td><td>जी.एस.टी. (GST) क्या है? इसके दो गुणों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>लेखांकन के उपार्जन (Accrual) आधार के मुख्य लाभ क्या हैं? उनकी व्याख्या कीजिए।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>24</td><td>निम्नलिखित लेखा शब्दों की व्याख्या करें :-<br>(a) इकाई<br>(b) राजस्व<br>(c) स्कंध</td><td>3</td></tr>
<tr><td>25A<br><br>25B</td><td>लेखांकन जानकारी के किसी तीन उपयोगकर्ताओं की व्याख्या कीजिए|<br>अथवा<br>एकल प्रविष्टि प्रणाली (Single Entry System) की व्याख्या करें|</td><td>3</td></tr>
<tr><td>26</td><td>नीचे दिए गए खाता शेष, तलपट के किस पक्ष पर दिखाई देंगे, यह बताइए:</td><td></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>(a) आहरण<br>(b) क्रय वापसी<br>(c) पेटेंट्स<br>(d) संचय<br>(e) निवेश<br>(f) पूर्वदत वेतन</td><td>4</td></tr>
<tr><td>27A<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>27B</td><td>31 मार्च, 2025 को गर्वित की ट्रायल बैलेंस का अंश निम्नलिखित है:-<br><br><table><tr><td>विवरण (Particulars)</td><td>डेबिट (₹)</td><td>क्रेडिट (₹)</td></tr><tr><td>देनदार</td><td>60,000</td><td></td></tr><tr><td>अशोध्य ऋण</td><td>4,000</td><td></td></tr><tr><td>संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान</td><td></td><td>18,000</td></tr></table>अतिरिक्त जानकारी:-<br>(i) अतिरिक्त खराब ऋण ₹ 8,000<br>(ii) देनदारों पर 10% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाना है।<br>अथवा<br><br>निम्नलिखित शेष राशियों के आधार पर 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए एम/एस राजीव एंड सन्स की सकल लाभ और परिचालन लाभ की गणना कीजिए:<br><br>प्रारंभिक स्कंध — ₹ 50,000<br>शुद्ध बिक्री— ₹ 11,00,000<br>शुद्ध क्रय — ₹ 6,00,000<br>प्रत्यक्ष खर्च — ₹ 60,000<br>प्रशासनिक खर्च — ₹ 45,000<br>विक्रय और वितरण खर्च — ₹ 65,000<br>आग से हानि — ₹ 20,000<br>अंतिम स्कंध — ₹ 70,00</td><td>4</td></tr>
<tr><td>28</td><td>समीर ने ₹ 5,00,000 की पूंजी से व्यवसाय प्रारंभ किया। वर्ष के अंत में उसकी कुल परिसंपत्तियाँ ₹ 12,00,000 थीं और बाहरी देनदारियाँ ₹ 4,50,000 थीं। उसने यह भी बताया कि वर्ष के दौरान अपनी बेटी की स्कूल फीस भरने के लिए ₹ 80,000 निकाले। वर्ष के दौरान उसने अपने घरेलू फर्नीचर (मूल्य ₹ 1,00,000) को 10% कम मूल्य पर बेचा और यह राशि व्यवसाय में लगा दी।<br><br>आपको “विवरण पत्र विधि” का उपयोग करके वर्ष के अंत में समीर का लाभ ज्ञात करना है, इसके लिए “लाभ का विवरण पत्र” तैयार करें।</td><td>4</td></tr>
<tr><td>29</td><td>निम्नलिखित विवरणों के आधार पर 30 सितम्बर, 2025 को एक बैंक मिलान विवरण तैयार कीजिए —<br><br>(a) नकद पुस्तक में डेबिट शेष ₹ 10,000 है।<br>(b) ₹ 1,000 का एक चेक जमा किया गया, परंतु नकद पुस्तक में दर्ज नहीं किया गया।<br>(c) ₹ 200 की नकद जमा राशि को नकद पुस्तक में ऐसे दर्ज किया गया मानो उसमें बैंक स्तंभ न हो।</td><td></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | (d) ₹ 250 के चेक को ₹ 205 के रूप में दर्ज किया गया।<br>(e) पिछले दिन का ₹ 1,500 का डेबिट शेष नकद पुस्तक में क्रेडिट शेष के रूप में आगे बढ़ा दिया गया।<br>(f) नकद पुस्तक के भुगतान पक्ष को ₹ 100 से कम जोड़ा गया।<br>(g) ₹ 500 का एक चेक, जो एक देनदार से प्राप्त हुआ था, नकद पुस्तक में दर्ज किया गया परंतु बैंक में वसूली हेतु जमा नहीं किया गया।<br>(h) ₹ 300 का एक चेक नकद पुस्तक में दो बार दर्ज किया गया, हालांकि वह बैंक में सही रूप से जमा किया गया था। | 4 |
| 30A<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>30B | निम्नलिखित शेष राशियाँ 1 अप्रैल, 2024 को क्रिस्टल लिमिटेड की पुस्तकों में दिखाई देती हैं:<br>मशीनरी खाता — ₹ 15,00,000<br>मूल्यह्रास के लिए प्रावधान खाता — ₹ 5,50,000<br>1 जुलाई, 2024 को एक मशीन, जिसे 1 अप्रैल, 2021 को ₹ 2,00,000 में खरीदा गया था, ₹ 75,000 में बेची गई। 1 जुलाई, 2024 को ₹ 6,00,000 की एक नई मशीन खरीदी गई।<br>मशीनरी पर प्रतिवर्ष 20% की दर से सीधी कटौती प्रणाली द्वारा मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।<br>31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए मशीनरी खाता और मूल्यह्रास के लिए प्रावधान खाता तैयार कीजिए।<br>अथवा<br><br>निम्न आधारों पर आरक्षित निधि और प्रावधान के बीच अंतर बताइए —<br>1. प्रकृति<br>2. उद्देश्य<br>3. स्थिति विवरण में प्रस्तुति<br>4. कर योग्य लाभ पर प्रभाव<br>5. अनिवार्यता का तत्व<br>6. लाभांश भुगतान में उपयोग | 4 |
| 31 | निम्न काल्पनिक उदाहरण को पढ़िए:<br>कपूर की तलपट में असमानता पाई गई और ₹16,300 का डेबिट पक्ष अधिक था। उसने यह अंतर उचंति खाते में डाल दिया और निम्न त्रुटियाँ पाईं —<br><br>(a) राजत से ₹7,000 प्राप्त नकद को कमल के खाते में ₹6,000 से डेबिट कर दिया गया।<br>(b) कोमल (कर्मचारी) को दिए गए ₹3,000 वेतन को उनके व्यक्तिगत खाते में ₹2,200 से डेबिट किया गया।<br>(c) स्वामी द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिए निकाले गए ₹1,000 के स्कंध को बिक्री खाते में ₹1,600 से क्रेडिट किया गया।<br>(d) मशीनरी पर ₹3,000 का मूल्यह्रास मशीनरी खाते में ₹300 से पोस्ट किया गया।<br>(e) माधव को की गई ₹592 की बिक्री को बिक्री पुस्तक में ₹295 से दर्ज किया गया।<br>(f) पुरानी कार की बिक्री ₹10,000 को बिक्री खाते में ₹6,000 से क्रेडिट किया गया।<br><br>ऊपर दिए गए मामले के आधार पर निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए:<br>(i) पहली त्रुटि में किस खाते को डेबिट किया जाएगा और कितनी राशि से?<br><br>(a) उचंति खाता ₹13,000 से (b) राजत खाता ₹7,000 से<br>(c) कमल खाता ₹6,000 से (d) नकद खाता ₹1,000 से | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) दूसरी त्रुटि में कर्मचारी को दिए गए वेतन की सुधार प्रविष्टि क्या होगी?<br>(a) वेतन खाता डेबिट ₹3,000; कोमल खाता क्रेडिट ₹3,000<br>(b) वेतन खाता डेबिट ₹3,000; कोमल खाता क्रेडिट ₹3,000 और सस्पेंस खाता क्रेडिट ₹800<br>(c) वेतन खाता डेबिट ₹800; कोमल खाता क्रेडिट ₹800<br>(d) वेतन खाता डेबिट ₹3,000; कोमल खाता क्रेडिट ₹3,000 और नकद खाता क्रेडिट ₹800<br><br>(iii) तीसरी त्रुटि की सुधार प्रविष्टि में किस खाते को डेबिट किया जाएगा?<br>(a) क्रय खाता (b) उचंति खाता<br>(c) पूंजी खाता (d) बिक्री खाता<br><br>(iv) चौथी त्रुटि में सुधार प्रविष्टि करते समय उचंति खाता होगा —<br>(a) ₹2,700 से क्रेडिट किया जाएगा (b) ₹3,000 से डेबिट किया जाएगा<br>(c) ₹2,700 से डेबिट किया जाएगा (d) ₹3,000 से क्रेडिट किया जाएगा<br><br>(v) पाँचवीं त्रुटि के लिए सही सुधार प्रविष्टि क्या होगी?<br>(a) माधव खाता डेबिट और बिक्री खाता क्रेडिट ₹297 से<br>(b) माधव खाता डेबिट और बिक्री खाता क्रेडिट ₹592 से<br>(c) माधव खाता डेबिट और बिक्री खाता क्रेडिट ₹295 से<br>(d) माधव खाता डेबिट और बिक्री खाता क्रेडिट ₹887 से<br><br>(vi) अंतिम त्रुटि को सुधारने के लिए उचंति खाते में कितनी राशि डेबिट की जाएगी?<br>(a) ₹10,000 (b) ₹6,000 (c) ₹4,000 (d) ₹16,000 | 6 |
| 32A | निम्नलिखित विवरणों के आधार पर, कशिश की नवंबर 2025 माह के लिए द्वि-स्तंभ नकद पुस्तक (नकद और बैंक स्तंभ सहित) तैयार कीजिए: | |

| तारीख | लेन-देन विवरण |
|---|---|
| 1 नवम्बर | हाथ में नकद- ₹ 50,000 ; बैंक अधिविकर्ष- ₹ 16,500 |
| 5 नवम्बर | शिवम से ₹ 30,000 का सामान 10% व्यापार छूट पर खरीदा। आधी राशि का तुरंत भुगतान किया। |
| 10 नवम्बर | कमीशन प्राप्त हुआ ₹2,000। |
| 16 नवम्बर | राधा को ₹50,000 का सामान बेचा; 60% राशि चेक द्वारा प्राप्त हुई। |
| 20 नवम्बर | बैंक में नकद जमा की गई ₹12,000। |
| 23 नवम्बर | राधा का चेक बैंक में जमा किया गया। |
| 28 नवम्बर | राधा से ₹ 19,400 नकद भुगतान में प्राप्त हुए। |

अथवा

32B निम्नलिखित विवरणों के आधार पर प्रीति (इलेक्ट्रिकल शॉप) की पुस्तकों में जून 2025 माह के लिए क्रय पुस्तिका और विक्रय पुस्तिका तैयार कीजिए:

(a) रामको लिमिटेड, मुंबई ने हमें बेचा (बीजक संख्या 506) दिनांक: 5 जून, 2025
10 आयरन @ ₹500 प्रत्येक
20 गीजर @ ₹2,000 प्रत्येक
घटाएँ: 10% व्यापारिक छूट (Trade Discount)

(b) बिजली कंपनी लिमिटेड, कोलकाता ने हमसे खरीदा (बीजक संख्या 728) दिनांक: 10 जून, 2025
50 एलईडी ट्यूब @ ₹500 प्रत्येक
100 एलईडी बल्ब @ ₹200 प्रत्येक
घटाएँ: 10% व्यापारिक छूट

(c) ए.बी. एंटरप्राइज, देहरादून ने हमसे माल खरीदा और चेक द्वारा भुगतान किया
(नकद मेमो संख्या 1426) दिनांक: 15 जून, 2025
10 रेफ्रिजरेटर @ ₹15,000 प्रत्येक
घटाएँ: 10% नगद छूट (Cash Discount)

(d) पावर इंडिया लिमिटेड, जयपुर ने हमसे खरीदा (बीजक संख्या 56) दिनांक: 18 जून, 2025
100 लैम्प @ ₹150 प्रत्येक
70 एलईडी ट्यूब @ ₹200 प्रत्येक
घटाएँ: 10% व्यापारिक छूट

(e) कंप्यूटेक लिमिटेड ने हमें बेचा (बीजक संख्या CZ231) दिनांक: 19 जून, 2025
5 कंप्यूटर सेट @ ₹35,000 प्रत्येक
5 प्रिंटर @ ₹15,000 प्रत्येक

(f) कृष लिमिटेड, पुणे ने हमें बेचा (बीजक संख्या 824) दिनांक: 23 जून, 2025
50 इलेक्ट्रिक केतली @ ₹15,000 प्रत्येक
10 माइक्रोवेव ओवन @ ₹18,000 प्रत्येक
घटाएँ: 10% व्यापारिक छूट

6

33 लेखांकन की निम्न उप-शाखाओं की व्याख्या कीजिए —
(a) वित्तीय लेखांकन
(b) प्रबंधकीय लेखांकन
(c) प्रबंधकीय लेखांकन

6

34 निम्नलिखित शेष राशियों के आधार पर, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार खाता और लाभ एवं हानि खाता तैयार कीजिए।

| **डेबिट शेष** | **राशि (₹)** | **क्रेडिट शेष** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| आहरण | 6,300 | पूंजी | 1,50,000 |
| बैंक में नकद | 13,870 | प्राप्त छूट | 2,980 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राप्य बिल | 1,860 | ऋण | 15,000 |
| भूमि और भवन | 42,580 | क्रय वापसी | 1,450 |
| फर्नीचर | 5,130 | बिक्री | 2,81,500 |
| छूट दी गई | 3,960 | खराब ऋणों के लिए प्रावधान | 4,650 |
| बैंक शुल्क | 100 | लेनदार | 18,670 |
| वेतन | 6,420 | | |
| क्रय | 1,99,080 | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 60,220 | | |
| बिक्री वापसी | 1,870 | | |
| गाड़ी भाड़ा | 5,170 | | |
| किराया तथा कर | 7,680 | | |
| सामान्य खर्चे | 3,630 | | |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 31,640 | | |
| लेनदार | 82,740 | | |
| खराब ऋण | 1,250 | | |
| बीमा | 750 | | |
| कुल | 4,74,250 | कुल | 4,74,250 |

समायोजन :–

1. अंतिम भंडार (Closing Stock) ₹70,000
2. लेनदारो पर 10% की दर से संदिग्ध और खराब ऋणों के लिए आरक्षित निधि बीमा
3. अग्रिम भुगतान बीमा ₹50
4. बकाया किराया ₹150
5. ऋण पर ब्याज देय @ 6% प्रति वर्ष

6